प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को तीसरी पुण्यतिथि पर आज दो गई श्रद्धांजलि : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– संघर्ष और त्याग के प्रतीक थे बाबूजी।
2. मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट का किया वर्चुअलो लोकार्पण : कहा– सरकार की निवेश फ्रेंडली नीतियों से बढ़ रोजगार के अवसर।
3. आरक्षी नागरिक पुलिस–2023 सीधी भर्ती को नकल विहिन और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने जारी किये निर्देश।

और

4. प्रदेश में भारत बंद का दिखा मिला–जुला असर : सभी जनपदों में सुरक्षा व्यवस्था के रहे कड़े इंतजाम, सोशल मीडिया पर भी रखी गई नजर।

————————

राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर आज उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इसी क्रम में लखनऊ में आयोजित हिन्दू गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पद्म विभूषण कल्याण सिंह बाबूजी अपने संघर्ष और त्याग से वे अपार जन–विश्वास के प्रतीक बने

थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस जीरो टॉलरेंस की नीति को वर्ष 1991 में स्व. कल्याण सिंह ने लागू किया था, वह आज भी प्रदेश के अंदर लागू है। बाइट....

*प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की जिस नीति को 1991 में स्व0 बाबूजी से लागू किया था वह आज भी प्रदेश के अंदर लागू है। डबल इंजन की यह सरकार पीएम मोदी जी के नेतृत्व में अपराध और अपराधियों के प्रति भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ काम करेगा, चाहे इसके लिये कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े और प्रदेश की जनता जनार्दन का बाल बांका नही होने देगा, यह संकल्प हमें स्वर्गीय बाबूजी के इस तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर लेना ही होगा और इसे इ बात को मजबूती के साथ आगे बढ़ाना होगा कि आजीवन जिन मूल्यों के लिये जिन आदर्शों के लिये स्वर्गीय बाबूजी का जीवन समर्पित था, उन मूल्यों और आदर्शों के लिये हम कार्य करे।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश सरकार की निवेश फ्रेंडली नीतियों का ही परिणाम है कि प्रदेश में गत सात वर्षों में निवेश बढ़ा है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में दश के अंदर अचीवर्स स्टेट में उत्तर प्रदेश का स्थान है। बाइट.....

*हम लोगों ने रिक्त लिये, रिफार्मस किये हम लोगों ने पॉलिसी बनाई, हम लोगों ने मजबूती के साथ उसको लागू किया और आज परिणाम है कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी न केवल टॉप है बल्कि देश के अन्दर*

*एचीवर स्टेट में यूपी का स्थान है। मोस्ट सचीवर स्टेट के रूप में यूपी आज तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है और मुझे इसके लिये इनवेस्टर समिति कैसे होने है यह भी 2023 में यूपी व देश के सामने साबित किया है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की मूर्ति का अनावरण किया। कैप्टन अंशुमान सिंह पिछले वर्ष जुलाई में सियाचिन में लगी भीषण आग से लोगों को बचाते हुए शहीद हो गए थे। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समस्त प्रदेशवासियों की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

———————————

राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज लखनऊ स्थित भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। समारोह में कुल 159 उपाधियों का वितरण किया गया। इनमें स्नातक के 83, परास्नातक के 74 और पी.एच.डी. के दो विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। समारोह में 31 छात्रों और 16 छात्राओं को पदक प्रदान किये गये। राज्यपाल ने उपाधि और पदक प्राप्त करने वालों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगीत को जीवन का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के कण–कण में संगीत है। राष्ट्र को

संरक्षित करने के लिए संस्कृति को संरक्षित करना बहुत जरूरी है।

————————

प्रदेश में पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस–2023 सीधी भर्ती के पदों पर 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को कई जिलों में परीक्षाएं होंगी। इन परिक्षाओं को नकलविहिन और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए आज पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अधिकारियों को कड निर्देष दिए। डीजीपी ने कहा कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों के आवागमन मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील करा लें। साथ ही नये सीसीटीवी कैमरे भी पर्याप्त संख्या में लगाए जाएं। चिन्हित हॉट स्पॉट्स पर ड्रोन कैमरों से नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सेल और जनपदीय अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय और सतर्क किया जाये।

उधर, विभिन्न जनपदों में पुलिस अधिकारियों ने आज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों को परखा। यह परीक्षा प्रदेश के सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौहत्तर परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

————————

उत्तर प्रदेश पुलिस की 23 अगस्त से शुरू हो रही सिपाही भर्ती परीक्षा के 48 लाख आवेदनों की जांच में 20 हजार से अधिक अभ्यर्थी संदिग्ध निकले हैं। सत्यापन में

इनके आधार कार्ड का ब्योरा मूल डाटा से मेल नहीं खाया है। इनके दस्तावेजों का सत्यापन केन्द्र पर दोबारा होगा।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

सर्वोच्च न्यायालय के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर हाल के फैसले के विरोध में रिजर्वेशन बचाओ संघर्ष समिति की ओर से बुलाए गए भारत बंद का आज उत्तर प्रदेश में मिला–जुला असर देखने को मिला। प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी –कांशीराम ने बंद का समर्थन किया। लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, बस्ती, वाराणसी, हमीरपुर, बुलंदशहर, सहारनपुर, हापुड़, चित्रकूट, कौशांबी और जौनपुर समेत अन्य जनपदों में बसपा, भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी के साथ–साथ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम

संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। आगरा में भारत बंद के समर्थन में रैली निकाली गई। भारत बंद को देखते हुए पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि भारत बंद को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में फोर्स लगाई गई। डीजीपी मुख्यालय से प्रदेश के सभी जिलों की मॉनिटरिंग की गई। प्रदेशभर के बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस मुस्तैदी से तैनात रही। इस दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए खुफिया एजेंसियां भी सतर्क रहीं। पूरे प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में रही। कहीं भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

———————————

प्रदेश में भाजपा अगले महीने सदस्यता महाअभियान शुरू करेगी। इसके जरिए पार्टी कार्यकर्ता लोगों के बीच पहुंचेंगे। भाजपा ने सांसदों को न्यूनतम बीस हजार, विधायकों को न्यूनतम दस हजार नए सदस्य बनाने का टारगेट दिया है। अभियान के तहत प्रदेश में तीन करोड़ से अधिक नए सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके पहले 22 से 24 अगस्त तक सदस्यता अभियान को लेकर जिला कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। 25 से 27 अगस्त तक मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान की कार्यशालाएं होंगी। 31 अगस्त को सभी बूथों पर कार्यशाला होगी। सदस्यता अभियान को लेकर क्षेत्र, जिला, मंडल और

बूथ स्तर पर टीम भी बनाई जाएगी। दो और तीन सितंबर को प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर सदस्यता लॉन्चिंग क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 4 और 5 सितंबर को जिला स्तर पर सदस्यता लॉन्चिंग कार्यक्रम होंगे। 11 से 17 सितंबर तक सदस्यता को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

———————————

प्रदेश सरकार चल अचल सम्पत्ति का ब्यौरा मानव सम्पदा पोर्टल पर दर्ज न करने वाले अधिकारिया और कर्मचारियों को अगस्त माह का वेतन नहीं देगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश दिया है। इसमे स्पष्ट कहा गया है कि अचल अचल सम्पत्ति का विवरण पोर्टल पर दर्ज करने वाले कार्मिकों को ही अगस्त माह का वेतन दिया जाये। साथ ही उन्होंने पोर्टल पर विवरण दर्ज करने के लिये 31 अगस्त तक का अंतिम मौका प्रदान किया है।

———————————

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। वहीं कई नदियां खतरे के निशान से बेहद करीब बह रही है। इसके कारण प्रदेश के 10 जनपद फर्रुखाबाद, गोंडा, बलिया, बाराबंकी, सीतापुर, बांदा, लखीमपुर खीरी, बस्ती देवरिया और प्रयागराज बाढ़ की चपेट में हैं।

फरुखाबाद में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण तीन तहसीलों के 38 गांव प्रभावित ह। इनमें से चार गांवों में कटान हो रही है। लखीमपुर खीरी में दो तहसीलों के पांच गांवों में कटान जारी है। प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ और पीएससी की टीमें स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश में रुक–रुक कर

(समाप्त)